**Series–A**

Roll No...........................

Total No. of Questions–12] [Total No. of Printed Pages–15

**A-903-A-X-2324**

# HINDI

Time Allowed—3 Hours Maximum Marks—80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**विशेष निर्देश :**

(i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज अवश्य लिखिये।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िये।



https://www.hpboardonline.com

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(v) सफाई (लिखाई/सुलेख) का विशेष ध्यान रखिये।

**खण्ड-क**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गये। एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गाँधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाये एक हाथ में छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिये अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं। फेरी लगाता है।

**भाग-अ**

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 4×1=4

(च) हालदार साहब को क्या अच्छा नहीं लगा?

(छ) हालदार कैप्टन को देखकर हैरान क्यों रह गये?



https://www.hpboardonline.com

www.careerindia

(ज) कैप्टन क्या कार्य करता था?

(झ) कैप्टन के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिये।

(ञ) हालदार साहब को कैप्टन देशभक्त क्यों लगा?

## भाग-ब

बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 6×1=6

(क) पाठ का नाम है:

(ट) चश्मा नेता जी का

(ठ) स्वयं प्रकाश

(ड) चश्मा

(ढ) नेता जी का चश्मा।

(ख) हालदार कैप्टन को कैसा व्यक्ति मानते थे?

(ट) चोर

(ठ) आतंकवादी

(ड) देशभक्त

(ढ) विदेशी।



https://www.hpboardonline.com

(ग) हालदार साहब को किसके द्वारा देशभक्त का मज़ाक उड़ाना अच्छा नहीं लगा?

(ट) ड्राइवर

(ठ) चाय वाले

(ड) पान वाले

(ढ) चोर।

(घ) 'मरियल' का अर्थ है:

(ट) कमज़ोर

(ठ) ताकतवर

(ड) मोटा

(ढ) अमीर।

(ङ) लेखक का नाम लिखिये:

(ट) स्वयं प्रकाश

(ठ) मन्नू भंडारी

(ड) प्रेमचंद

(ढ) सूरदास।



https://www.hpboardonline.com

www.careerindia

(च) कैप्टन बाँस पर क्या टाँगता था?

(ट) पान

(ठ) चश्मे

(ड) टोपी

(ढ) कमीज़।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: **3×2=6**

(क) वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जाता है?

(ख) शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है?

(ग) तब की शिक्षा प्रणाली और अब की शिक्षा प्रणाली में क्या अन्तर है?

(घ) लेखिका के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा?

(ङ) फ़ादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी?


https://www.hpboardonline.com

3. नवाब साहब द्वारा खीरा खाने की तैयारी करने का एक चित्र प्रस्तुत किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिये।

**अथवा**

बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा जाता है? **1×4=4**

4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि,
कान्ह-कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
मु तौ व्याधि हमकौं लैं आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपो, जिन के मन चकरी।


https://www.hpboardonline.com
www.careerindia

भाग-अ

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 4×1=4

(क) कविता का भाव स्पष्ट कीजिये।

(ख) गोपियों के लिए योग क्यों व्यर्थ था?

(ग) गोपियों ने योग रूपी व्याधि किन्हें सौंपने को कहा है?

(घ) गोपियों ने स्वयं को हारिल और श्रीकृष्ण को हारिल की लकड़ी के समान क्यों माना है?

(ङ) गोपियों की दृष्टि में 'व्याधि' क्या थी?

भाग-ब

बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 6×1=6

(क) कवि का नाम लिखिये:

(ट) देव

(ठ) सूरदास

(ड) नागार्जुन

(ढ) रहीम।



https://www.hpboardonline.com

(ख) गोपियाँ दिन-रात क्या रटती थीं?

(ट) कृष्ण-कृष्ण

(ठ) रहीम

(ड) देव

(ढ) उद्धव।

(ग) गोपियों को योग की बातें कैसी लगीं?

(ट) कड़वी-ककड़ी

(ठ) तेल की बूंद

(ड) पानी

(ढ) गुड़।

(घ) गोपियाँ कब-कब श्री कृष्ण के नाम को रटतीं थी?

(ट) रात

(ठ) दिन

(ड) सोते-जागते

(ढ) उपरोक्त सभी।



https://www.hpboardonline.com

www.careerindia

(ङ) उद्धव ने गोपियों को शिक्षा दी:

(ट) कृष्ण को भूल जाने की

(ठ) भक्ति करने की

(ड) योग की

(ढ) इनमें से कोई भी नहीं।

(च) कविता का नाम लिखिये:

(ट) पद

(ठ) उत्साह

(ड) कन्यादान

(ढ) देव।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: **3×2=6**

(क) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिये?

(ख) कवि ने "श्री ब्रजदूलह" किसके लिए प्रयुक्त किया है? उन्हें संसार रूपी दीपक क्यों कहा है?



https://www.hpboardonline.com

(ग) कवि जयशंकर प्रसाद जी आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है?

(घ) बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ङ) संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं?

6. आपकी दृष्टि में कन्या के साथ दान की बात करना कहाँ तक उचित है? स्पष्ट कीजिये।

**अथवा**

मिट्टी के गुण-धर्म को पोषित करने में हमारी क्या भूमिका हो सकती है? https://www.hpboardonline.com **4**

## खण्ड-ख

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: **3×2=6**

(क) भोलानाथ "बम भोला" कब बन जाते थे?

(ख) रानी एलिजाबेथ के दर्जी की परेशानी का क्या कारण था? उसकी परेशानी को आप किस तरह तर्कसंगत ठहरायेंगे?



https://www.hpboardonline.com

www.careerindia.com

(ग) दुलारी का टुन्नू से पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ?

(घ) लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?

(ङ) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया?

8. "माता का अँचल" शीर्षक की उपयुक्तता बताते हुए कोई अन्य शीर्षक सुझाइये।

**अथवा**

एक संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान का दुरुपयोग रोकने में आपकी क्या भूमिका हो सकती है? 4

## खण्ड-ग

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 5×2=10

(क) वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिये:

(च) देश पर मिटने वाला व्यक्ति ही सच्चा देशभक्त होता है?

(मिश्र वाक्य में बदलिये)



https://www.hpboardonline.com

(छ) जो पढ़ेगा, वह प्रथम आयेगा।

( (सरल वाक्य में बदलिये)

(ख) उद्देश्य और विधेय छाँटिये:

(च) मजदूरों ने काम कर लिया है।

(छ) कंचन नवमीं कक्षा में पढ़ रही है।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार उत्तर दीजिये:

(च) बच्चे फूल तोड़ते हैं।

(कर्मवाच्य में बदलिये)

(छ) हम वहाँ नहीं रहेंगे।

(भाववाच्य में बदलिये)

(घ) (I) 'अन्न-जल' समस्त पद में समास का नाम है:

(ट) द्विगु समास

(ठ) अव्ययी भाव समास

(ड) द्वंद्व समास

(ढ) तत्पुरुष समास।



https://www.hpboardonline.com

www.careerindia

(2) किसी व्यक्ति, वस्तु अथवा स्थान के नाम को कहते हैं:

(ट) सर्वनाम

(ठ) विशेषण

(ड) क्रिया

(ढ) संज्ञा।

(ङ) (1) 'मामा ने मुझे साड़ी दी' में क्रिया है:

(ट) अकर्मक क्रिया

(ठ) सकर्मक क्रिया

(ड) द्विकर्मक क्रिया

(ढ) प्रेरणार्थक क्रिया।

(2) 'जो बहुत बोलता है।' वाक्यांश के लिए एक शब्द है।

(ट) वाचाल

(ठ) बड़बोला

(ड) अल्पज्ञ

(ढ) मितभाषी।



10. निम्नलिखित दिये गये विषयों में से किसी एक विषय पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखिये: 8

(क) आधुनिक शिक्षा प्रणाली: भूमिका, आरंभिक रूप, वर्तमान स्थिति, उपसंहार।

(ख) बाल श्रमिक की समस्याएँ: अभिप्राय:, स्थिति, प्रभाव, निदान व उपसंहार।

(ग) दीपावली: पर्व का आयोजन, पौराणिक महत्त्व, मनाने का तरीका, संदेश।

(घ) समय का सदुपयोग: अभिप्राय, समय का सदुपयोग, सफलता का आधार, उपसंहार।

(ङ) प्रात:कालीन भ्रमण: भूमिका, सर्वश्रेष्ठ समय, आवश्यकता, लाभ, हानियाँ, उपसंहार।

11. चरित्र प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को पत्र लिखिये।

**अथवा**

परीक्षा में अच्छे अंक पाने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिये। 7



www.careerindia

CAREERINDIA

12. बिन बुलाए मेहमान की तरह एक पड़ोसी, जो रोज सुबह अखबार, पढ़ने आ जाते हैं, उनके संबंध में गृहस्वामी और गृहस्वामिनी के मध्य संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिये।

**अथवा**

आपके विद्यालय में मनाये गये 'विश्व एड्स दिवस' पर प्रतिवेदन लिखिये। **5**

https://www.hpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.hpboardonline.com

www.careerindia.com